हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 24 जुलाई 2025

06 दिल्ली, भोपाल व सीहोर के अधिकारियों ने किया वेयर...



09 अंतिम यात्राः शहीद हरिओम की राजकीय सम्मान के...





## खबर संक्षेप

### विराट 108 वेदिय गायत्री दीप महायज्ञ आज

**सीहोर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं गुरुदेव एवं वंदनीया माता के सूक्ष्म संरक्षण में मातृशक्ति वर्ष एवं दिव्य अखंड दीप की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में शहर के इंग्लिशपुरा स्थित नूतन हायर सेकेण्ड्री स्कूल परिसर में विराट 108 वेदिय गायत्री दीप महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में गायत्री परिवार और क्षेत्रवासियों के द्वारा दिव्य अनुष्ठान किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए गायत्री परिवार की ओर से सुरेश त्यागी ने बताया कि गुरुवार को अमावस्या के पावन अवसर पर शहर के इंग्लिशपुरा स्थित नूतन हायर सेकेण्ड्री स्कूल परिसर में विराट 108 वेदिय गायत्री दीप महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। गायत्री परिवार सभी क्षेत्रवासियों से इस दिव्य अनुष्ठान में शामिल होने की अपील करता है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को शाम पांच बजे से रात्रि सात बजे तक विराट 108 वेदिय गायत्री दीप महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

### अवैध मदिरा के विरूद्ध की गई कार्रवाई



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रह, विक्रय एवं परिवहन की रोकथाम के लिए निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी विभाग द्वारा जिले में महोड़िया रोड़ स्थित पप्पू एंड पप्पू ढ़ाबा से दो पेटी देशी मदिरा प्लेन के पाव जप्त किये गये तथा आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई आबकारी उपनिरीक्षक माधव कुण्डल, मुख्य आरक्षक विजय कुमार शर्मा एवं आबकारी विभाग की टीम द्वारा की गई।

### रोगी कल्याण समिति की बैठक 26 को

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में 26 जुलाई को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला चिकित्सालय की रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई है।

## हरियाली अमावस्या आजः प्रकृति ने हरियाली की चादर ओढ़ाकर किया धरती का श्रृंगार...



**सीहोर।** बारिश के दौरान सावन माह अब धरती ने भी हरियाली की चादर ओढ़ ली है। शहर के आसपास दिनों छोटे-छोटे पौधे उग आए हैं। चारों तरफ हरियाली ही हरियाली दिखाई दे रही है, जिससे ऐसा लग रहा है मानो प्रकृति ने धरती का श्रृंगार कर दिया हो। ऐसा ही एक हरियाली का मनमोहक दृश्य हमारे ***फोटोग्राफर सचिन महोबिया*** ने अपने कैमरे में कैद किया।

### पिछले बार 73 करोड़ इस बार 82 करोड़ श्रद्धालुओं ने किया पार्थिव शिवलिंग निर्माण और पूजन

# करोड़ों शिव भक्तों ने ऑनलाइन की पार्थिव शिवलिंग की पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलियुग को शिव युग में परिवर्तित करने वाले और सनातन धर्म को जन-जन तक पहुंचाने वाले अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने सावन की शिवरात्रि पर देश ही नहीं पूरी दुनिया के भक्तों को ऑनलाइन पार्थिव शिवलिंग की पूजन-अर्चना कर स्वयं अपने विश्व रिकार्ड को तोड़ दिया है। श्री शिवय नमस्तुभ, हर हर महादेव... जय शिव शंकर... के जयकारे गूंज रहे थे। चारो तरफ भक्तिमय माहौल बना हुआ था। भक्तों ने घर-घर में पार्थिव शिवलिंग की पूजा-अर्चना की। बुधवार को सुबह से ही सीहोर जिले ही नहीं पूरे देश के कोने-कोने में पूजन सामग्री की दुकानें लगी हुई थी। कुबेरेश्वरधाम पर आयोजित आन लाइन अभिषेक में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं शामिल थे, वहीं देश के कोने-कोने में एक घंटे तक लोगों ने विधि-पूर्वक शिव की उपासना की।

बुधवार की रात्रि सात बजे से बारह ज्योर्तिलिंग के केन्द्र बिन्दू माने जाने वाले कुबेरेश्वरधाम से पूरे देश के घरों पर श्री शिवय नमस्तुभ के अलावा अन्य शिव मंत्रों के साथ पूजा अर्चना की थी, अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित श्री मिश्रा आनलाइन अभिषेक कर रहे थे और इसका प्रसारण विश्व के कोने-कोने पर किया जा रहा था। इस मौके पर रात सात बजे से अत्यंत शुभ मुहूर्त में घरों में पार्थिव शिवलिंग बनाकर उनका रुद्राभिषेक करने से काफी फायदे होते हैं। घर में सुख शांति के साथ वैभव बना रहता है। उन्होंने कहा कि माता पार्वती और मां गंगा दोनों ही भगवान शिव के चरण छू रही है। जिससे इस साल सावन की शिवरात्रि का विशेष महत्व है। साथ ही सामूहिक रूप से पूजा करने से तत्काल फल मिलता है। उन्होंने कहा कि, कोविड के दौरान आस्था के साथ भव्य आयोजन किया गया था, देश ही नहीं विश्व में भी श्रद्धालुओं द्वारा करोड़ों पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कर





पूजन किया गया था। इस बार और अधिक उत्साह दिखाई दे दिया। गत वर्ष 73 करोड़ श्रद्धालु इस अनुष्ठान में शामिल हुए थे, लेकिन इस वर्ष 82 करोड़ से अधिक श्रद्धालु ऑनलाइन पूजन प्रक्रिया से जुड़े रहे।

## कुंवर चैन सिंह को आज दिया जाएगा गार्ड ऑफ ऑनर



**सीहोर।** मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर आज जिला मुख्यालय के दौरे पर आ रहे हैं। दरअसल, 24 जुलाई 1824 को कुंवर चैन सिंह अंग्रेजों के खिलाफ लड़ते हुए सीहोर की धरती पर ही वीरगति प्राप्त हुए थे। यही वजह है कि प्रत्येक 24 जुलाई को शहर में कुंवर चैनसिंह की छतरी पर पुण्यतिथि कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस दिन उन्हें श्रद्धांजलि और गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाता है। आपको बता दें मध्य प्रदेश सरकार ने वर्ष 2015 से सीहोर स्थित इस छतरी पर गार्ड ऑफ ऑनर प्रारंभ किया है। भारत जोड़ों आंदोलन के संस्थापक डॉ. बलवीर तोमर ने बताया कि 24 जुलाई को सुबह 11.30 इंदौर नाका स्थित चैनसिंह की छतरी पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान गॉड ऑफ ऑनर दिया जाएगा साथ ही विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र तोमर सहित शहर के गणमान्य नागरिकों को पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। डॉ. श्री तोमर ने शहरवासियों से आयोजन में सम्मिलित होने की अपील की है।

**कुंवर चैनसिंह का जीवन परिचय** : इतिहासकारों के मुताबिक के मुताबिक कुंवर चैन सिंह का जन्म 10 अप्रैल 1801 को मध्य प्रदेश के नरसिंहगढ़ रियासत के राज परिवार में हुआ था। वह बचपन से ही स्वाभिमानी, होनहार और चुस्त-दुरस्त थे। उन्हें अस्त्र-शस्त्र चलाने, घुड़सवारी करने और शिकार में गहरी रुचि थी। वे राज्य की आंतरिक और बाहरी राजनीतिक घटनाओं को जानने में भी गहरी रुचि रखते थे। उनका विवाह 19 वर्ष की आयु में कुंवरानी राजवत से हुआ, जो खीची राजवंश की थीं।

**अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह :** 1818 में ईस्ट इंडिया कंपनी ने भोपाल के नवाब से समझौता कर सीहोर में एक छावनी स्थापित की और पॉलिटिकल एजेंट मैडॉक को इसका प्रभारी बनाया। मैडॉक को भोपाल सहित नरसिंहगढ़, खिलचीपुर और राजगढ़ जैसी रियासतों के राजनीतिक अधिकार भी सौंप दिए गए। यह हस्तक्षेप कुंवर चैन सिंह को मंजूर नहीं था। मैडॉक ने कुंवर चैन सिंह को कुछ शर्ते मानने को कहा, जिनमें नरसिंहगढ़ रियासत का अंग्रेजों की अधीनता स्वीकार करना और अफीम की पूरी फसल सिर्फ अंग्रेजों को बेचना शामिल था। कुंवर चैन सिंह ने इन दोनों ही शर्तों को मानने से इनकार कर दिया।

**सीहोर में हुई थी अंग्रेजों से मुठभेड़ः** इतिहासकारों के अनुसार कुंवर चैन सिंह अपने विश्वस्त साथियों सारंगपुर निवासी हिम्मत खां और बहादुर खां सहित कुल 43 सैनिकों के साथ 24 जुलाई 1824 को सीहोर पहुंचे।

### नपाध्यक्ष बोले-हमारे स्वच्छता मित्र इस उपलब्धि के असली हीरो हैं

# स्वच्छता पुरस्कार के नायकों को सम्मान देकर दी बधाई, नंबर वन में पहुंचने का रखा लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में देश में छठवें स्थान एवं प्रदेश में प्रथम स्थान को प्राप्त करने के लिए शहर के लुनियापुरा स्थित एक निजी गार्डन में स्वच्छता पुरस्कार के नायकों को सम्मानित किया गया गया और इस मौके पर आगामी वर्ष 2025-2026 में देश में प्रथम आने का लक्ष्य हासिल करने की अपील की है। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहाकि हम पहले देश भर में बहुत पीछे थे, लेकिन आज प्रदेश में प्रथम स्थान में इस सफलता का श्रेय हमारे स्वच्छता मित्र है और इस उपलब्धि के असली हीरों है। अवार्ड मिलने के बाद एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर, सभी वार्ड के करीब 400 सफाई कर्मचारी, दरोगा, स्वच्छता प्रभारी आदि के मध्य पहुंचकर मिठाई खिलाकर उन्हें सम्मानित किया।

इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने कहाकि इस कार्यक्रम के कोई मुख्य अतिथि है तो वह हमारे नगर पालिका अमले के स्वच्छता मित्र यह पुरस्कार आपकी मेहनत का नतीजा है, आप सबने दिन-रात मेहनत कर शहर को चमकाया है अब हमें मिलकर शहर को चमकाया है, अब हमें मिलकर इसे देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाना है। उन्होंने कहा कि शहर अब केवल पुरस्कार नहीं, बल्कि जन-अभियान और स्वाभिमान का प्रतीक बनाना है। जनता का साथ भी मिल रहा है और अगर यही सहयोग बना रहा तो आने वाले समय में सीहोर नंबर वन पर होगा।




स्वच्छता में देश का नगर पालिकाओं में दूसरा स्थान हासिल करने पर सभी अधिकारियों ने फील्ड पर जाकर सफाई कर्मियों का उत्साहवर्धन किया। सभी को मिठाई और शुभकामनाएं दी गईं।

नगर पालिका द्वारा स्वास्थ्य मित्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान नगर पालिका परिषद के अधिकारियों एवं स्वास्थ्य मित्रों का शाल श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत-सम्मान किया एवं स्वास्थ्य मित्रों द्वारा हर्षोल्लास देख मन प्रसन्न हुआ। इस अवसर पर पंडित मोहित राम पाठक, गौरव सन्नी महाजन, सीएमओ सुधीर सिंह, चार सौ से अधिक स्वच्छता मित्र, 13 दरोगा, प्रभारी अमित यादव, उप प्रभारी अभिषेक यादव, रेखा बोयत के अलावा स्वास्थ्य सभापति मुकेश मेवाड़ा, उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, अर्जुन राठौर, कमलेश कुशवाहा, विजेन्द्र परमार, अजय पाल राजपूत, कमलेश राठौर, दिलीप राठौर, विशाल राठौर, प्रदीप बिजोरिया, मांगीलाल मालवीय, प्रदीप गौतम और लोकेन्द्र वर्मा के अलावा मौजूद थे।

### स्वच्छता केवल बाहरी सफाई तक सीमित नहीं

नगर पालिका सीएमओ सुधीर सिंह ने कहाकि स्वच्छता केवल बाहरी सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानसिक और आध्यात्मिक स्वच्छता का भी प्रतीक है। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य बताते हुए कहा कि इसका मकसद लोगों में व्यवहार परिवर्तन लाना, स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और समाज में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करना है। घर, मोहल्ले, गांव और शहर को स्वच्छ रखने और इस सामाजिक जिम्मेदारी को निभाने के लिए प्रेरित किया।

## शिवलिंग की ज्योति और मन की ज्योति का संगम आध्यात्मिकः कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा

### आज निकाली जाएगी डाक कांवड़, बड़ी संख्या में शामिल होंगे श्रद्धालु

**सीहोर।** शिवलिंग की ज्योति और मन की ज्योति का संगम, आध्यात्मिक और दार्शनिक दृष्टिकोण से, एक गहन विषय है। यह प्रकाश और चेतना के मिलन का प्रतीक है, जहां भौतिक ज्योति (शिवलिंग) और आंतरिक ज्योति (मन की ज्योति) एक साथ आते हैं। शिवलिंग और हमारे हृदय की ज्योति का मिलन हमे ऊर्जा देता है। जिसके बल पर हम सदमार्ग की और अनुसरण करते है। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर जारी पांच दिवसीय आन लाइन शिव महापुराण के दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। बुधवार को हजारों की संख्या में कांवड लेकर और श्रद्धालु धाम पर पहुंचे और पूर्ण विधि-विधान से पूजा अर्चना की। गुरुवार को शहर के सीवन घाट से डाक कावड सुबह नौ बजे समिति के व्यवस्थापक पंडित समीर शुक्ला, विनय मिश्रा आदि के द्वारा निकाली जाएगी और आगामी छह अगस्त को भव्य कावड यात्रा की तैयारियां की जा रही है। जिसमें लाखों श्रद्धालुओं आऐंगे।



इस मौके पर उन्होंने श्रद्धालुओं से कहाकि आप लोग कांवड लेकर करीब 11 किलोमीटर की यात्रा करते हुए आ रहे है, यह बल आपको कौन दे रहा है, यह आपका आत्मबल है। जब आप भक्ति की शक्ति के संगम में रहते है तो आपको यात्रा के दौरान कोई भी कठिनाई नहीं होती है। भूख-प्यास आदि समाप्त हो जाती है, यही शक्ति आपको सकारात्मकता से लबरेज करती है, इस भक्ति और विश्वास से आप शिव को प्राप्त कर सकते है।

बुधवार को आन लाइन शिव महापुराण के दौरान पंडित श्री मिश्रा ने कथा के दौरान शमी और वेलपत्र के पौधों के महत्व के बारे में बताया और मायासुर आदि के बारे में विस्तार से बताया।

**रोग मुक्ति के लिए शिव की आराधना :** बुधवार को कथा के तीसरे दिन पंडित श्री मिश्रा ने यहां पर आए श्रद्धालुओं के पत्र का अध्ययन करते हुए बताया कि शिव तत्व किसे कहते है, तेरी कृपा क्या है भरोसा भजन सुनाते हुए कहाकि भगवान पर किया विश्वास कभी खाली नहीं जाता है। उन्होंने राजस्थान के डोगरपुर से आई निर्मला ने बताया कि एक लोटा जल हर समस्या का हल है, उनके कान में रोग था, लेकिन शिव की कृपा से उनको रोग से मुक्ति मिली है, वहीं उत्तरप्रदेश की स्वाति अग्रवाल के पेट में दर्द था, जांच में पता चला कि गांठ है और उसके पश्चात उन्होंने डॉक्टर की दवाई के साथ भगवान शिव की भक्ति की अब वह ठीक है।

## खबर संक्षेप



### 645 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। जिले में 22 जुलाई को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 456 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 189 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 77 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

### नशे से दूरी, बस स्टैंड पर आयोजित किया कार्यक्रम

**बुधनी।** नशे से दूरी है जरूरी



अभियान के तहत शाहगंज बस स्टैंड पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें थाना प्रभारी दिनेश सिंह चौहान की मौजूदगी में मौके पर उपस्थित मौजूद यात्रियों से चर्चा की गई एवं बसों में पंपलेट चिपकाए गए एवं वीडियो के माध्यम से भी लोगों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी गई तथा उपस्थित जनों को नशा नहीं करने की शपथ दिलवाई गई इस मौके पर थाना स्टाफ सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### 29519.35 मीट्रिक टन मूंग की खरीदी

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार जिले में मूंग उपार्जन का कार्य किया जा रहा है। अभी तक सीहोर जिले के 32,955 किसानों ने मूंग उपार्जन के लिए अपना पंजीयन कराया है। जिले में अभी तक 56 उपार्जन केंद्रों पर 10,548 किसानों से 29519.35 मीट्रिक टन मूंग की खरीदी की जा चुकी है। इसके साथ ही किसानों को एक करोड़ 86 लाख रूपये की राशि का भुगतान भी किया जा चुका है।

### मारवाड़ी महिला संगठन सीहोर शाखा सावन मेला शुक्रवार को

**सीहोर।** मारवाड़ी महिला संगठन सीहोर शाखा सावन मेला हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शहर के अग्रवाल पंचायती भवन शुक्रवार को मेला का आयोजन किया गया है। इस मौके पर मेले का आकर्षण राखियां, ज्वेलरी, गिफ्ट आइटम्स, हैंडमेड प्रोडक्ट, टॉफिस, साड़ी, ब्यूटी प्रोडक्ट, बेड शीट, चटपटे व्यंजन लकी ड्रा गेम प्रतियोगिता रखी गई है खड़े गरम मसाले से गहने बनाकर लाना है कोई भी पांच आइटम केवल डिस्प्ले करना है 25 जुलाई को सुबह 11 तक अनिवार्य रूप से जमा की जानी है। सावन मेले में शामिल होने के लिए कोई एंट्री फीस नहीं है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अध्यक्ष रजनी बाहेती सचिव मंजू भारतीय एवं पूरा मारवाड़ी महिला संगठन ने अपील की है कि महिलाएं एवं क्षेत्रवासी मेले में शामिल होकर लुफ्त उठाए।

---

### मूंग उपार्जन केंद्रों पर अधिकारियों की सख्ती, अमानक उपज पर सर्वेयर-समिति प्रबंधक पर गिरेगी गाज

# दिल्ली, भोपाल व सीहोर के अधिकारियों ने किया वेयर हाउसों का निरीक्षण, किसानों की समस्याएं भी सुनीं

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सर्वेयरों और समिति प्रबंधकों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा यदि गोदामों में रखी मूंग अमानक पाई गई तो पूरी जिम्मेदारी उनकी होगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा

ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन में किसानों की लगातार शिकायतों के बाद मंगलवार को भैरुंदा क्षेत्र के तीन वेयर हाउसों पर अधिकारियों की टीम ने औचक निरीक्षण किया। एसडीएम मदन सिंह द रघुवंशी की मौजूदगी में वेयरहाउसिंग एनसीसीएफ, कॉर्पोरेशन और सर्वेयर एजेंसी एजीएसएस के अधिकारियों ने किसानों की समस्याएं सुनीं और गोदामों में रखी मूंग की गुणवत्ता की जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ना ने सर्वेयरों और समिति प्रबंधकों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा यदि गोदामों में रखी मूंग अमानक पाई गई तो इसकी पूरी जिम्मेदारी उनकी होगी। गड़बड़ी मिलने पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। दरअसल, मूंग खरीदी में अनियमितता और अमानक बताकर खरीदी न करने की शिकायतें मिल रही थीं। किसान वेयरहाउस संचालकों पर आरोप लगा रहे थे। सभी केंद्रों के वेयरहाउस संचालकों ने एसडीएम



#### वेयरहाउस संचालकों का पक्षः मानक जांच के बाद हमारी जिम्मेदारी नहीं

एसोसिएशन ऑफ वेयरहाउस ऑनर्स, भैरुंदा शाखा ने मूंग उपार्जन में आ रही समस्याओं को लेकर अनुविभागीय अधिकारी को एक ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान संचालकों ने कहा कि उन्होंने मूंग मूंग तुलाई के लिए गोदामों को किराए पर दिया है। गोदामों में मूंग की खरीदी समिति प्रबंधक और उसे मानक व अमानक घोषित करने का कार्य सर्वेयर द्वारा किया जाता है। यदि गोदाम में अमानक मूंग स्टैक में पाया जाता है तो उसके लिए सर्वेयर व समिति जिम्मेदार होती है, न कि से मिलकर हस्तक्षेप की मांग की भोपाल थी। इसके बाद दिल्ली,और सीहोर से अधिकारी पहुंचे। उन्होंने गोदामों में रखी मूंग की वेयरहाउस संचालक। संचालकों ने उपार्जित हो चुके मूंग का तत्काल एनसीसीएफ और जिले की उपार्जन समिति से परीक्षण कराने, डब्ल्यू एचआर जारी होने के बाद स्टेक को रिजेक्ट न करने, मूंग की मानक की जांच कड़ाई से से व कराने, मूंग के के लाल दाने के संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने जैसे विषयों पर एसडीएम को अवगत कराते हुए उपार्जन नीति को पारदर्शी बनाने की मांग की।

#### एसडीएम का सख्त संदेश : दोषी पाए जाने पर होगी कानूनी कार्रवाई

एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी ने बताया कि उन्होंने सर्वेयरों और समिति प्रबंधकों को सख्त हिदायत दी है कि मूंग की अच्छे से जांच करने के बाद ही उसे पास किया जाए। खरीदी में किसी भी प्रकार का लेनदेन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि खरीदी के बाद मूंग अमानक पाया जाता है तो उसकी जिम्मेदारी सर्वेयर एजेंसी और समिति प्रबंधक की मानी जाएगी और ऐसी स्थिति में उन्हें कानूनी प्रक्रिया से गुजरना पड़ सकता है, उनके विरुद्ध एफआईआर भी दर्ज कराई जा सकती है।

#### अब तक 10.548 किसानों ने उपज बेची

7 जुलाई से 29 जुलाई तक 29,068 किसानों ने स्लॉट बुकिंग कराई। अब तक 10,548 किसानों ने उपज बेची है। जिनसे कुल 29,519.35 टन मूंग खरीदी की गई है। उपज की कुल राशि 25.63 करोड़ रुपए रही। जिसमें से 1.86 करोड़ रुपए का भुगतान हुआ है।

---

## किसानों की समस्या को लेकर सड़क पर उतरकर कांग्रेसी करेंगे प्रदर्शन, सौंपेंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा

आज भैरूंदा में कांग्रेस पार्टी के नेता विक्रम मस्ताल शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस नेता कार्यकताओं के साथ जंगी प्रदर्शन ,धरना प्रदर्शन करेंगे और एसडीएम को ज्ञापन सौंपेंगे। बुधनी विधानसभा क्षेत्र के किसानों को मूंग खरीदी और खाद की किल्लत सहित अन्य मुद्दों को लेकर भैरूंदा ब्लाक सहित गोपालपुर, लाड़कुई ब्लाक कांग्रेस, वरिष्ठ नेताओं , युवा कार्यकताओं के साथ गुरुवार 24जुलाई 1बजे दुर्गा मन्दिर चौराहा पर धरना प्रदर्शन करेंगे। साथ ही एडीएम कार्यालय पहुंच कर एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपेंगे।



किसानों के सम्मान में कांग्रेस मैदान में कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल के नेतृत्व में जंगी प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा बुधनी क्षेत्र में मूंग खरीदी में किसानों को हो रही परेशानियों और खाद की किल्लत से परेशान किसानों के साथ कांग्रेस पार्टी हमेशा खड़ी है। कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों के अधिकारों की लड़ाई लड़ती आई है। किसानों के साथ खड़ी है। आगे भी किसानों की लड़ाई लड़ती रहेंगी। जंगी प्रदर्शन देवीसिंह थारोल अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भैरूंदा, अशोक भाटी अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी गोपालपुर, चन्दर मीणा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी लाड़कुई समस्त कांग्रेस पार्टी द्वारा किया जाएगा।

## घरेलू गैस सिलेंडर जनजागरूकता अभियान की शुरुआत एसडीएम ने दिखाई हरी झंडी

**भैरूंदा।** घरेलू गैस सिलेंडर जनजागरूकता अभियान एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन है, जिसका मुख्य उद्देश ग्राहकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता करना है। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन सोळंके के आदेशानुसार प्रथम चरण मे देश के 15 राज्य के 275 जिलों मे 2700 स्वयंमसेवी के साथ 10 मई से इस अभियान की शुरुवात की है।

इस अभियान अंतर्गत सभी होटल, रेस्टोरेंट। फैक्ट्री, अस्पताल आदि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों मे जाकर उन्हे सार्वजनिक सूचना पत्र। जानकारी पत्रक देकर यह बताया जाएगा की 14.2 किलो गैस के घरेलू सिलेंडर का व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तथा कटरिंग जैसे



व्यवसाहिक के लिए उपयोग नहीं करना चाहिए।

साथ ही ऑटोरिक्शा एलपीजी वाहनों मे भी घरेलू गैस की अलटी पलटी नहीं करनी है। अधिकृत एलपीजी पत्तों से ही गैस वाहनोंसे हमेशा भरणी चाहिए। अवैध उपगोय से देश मे लगभग 1000 से भी अधिक विस्फोट ,ब्लास्ट होते है। और जान – माल की हानी होती है। साथ ही सरकारी राजस्व का भी नुकसान होता है। यह भी बताया जाएगा की अगर कोई अवैध उपयोग करता है तो उन्हके विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 और 7 के अंतर्गत सबंधित विभाग द्वारा अवराधिक और दंडात्मक कारवाही की जा सकती है। ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन की और से सेव डॉमस्टिक सिलेंडर सेव नेशन एंड लाइफ अभियान की सुरुवात नागपूर से हुई है और आज अपने भेरुदा शहर के ही एसडीएम मंदन सिंह रघुवंशी ने हरी झंडी दिखाकर उपक्रम प्रमुख शुभम रंगारी जी (प्रोजेक्ट हेड) के नेतृत्व मे इस अभियान को शहर के वॉलिंटियर को लेकर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों ऑटो रिक्शा स्टैन्ड, और सबंधित सभी प्रमुख स्थानो पर जाकर संगठनों से मुलाकात कर उन्हे मार्गदर्शन देंगे ऐसी जानकारी संपर्क प्रमुख संदीप गुप्ता ने दी है। इस दौरान नरेंद्र सिंह, आलोक गुप्ता, प्रवीण सिंह, पर्वत सिंह, सुनील सिंह इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## छह दिवसीय शिविर गुरु वंदन और छात्र अभिनंदन कार्यक्रम में किया सम्मानित

**सीहोर।** भारत विकास परिषद के तत्वावधान में महारानी लक्ष्मीबाई हायर सेकंडरी विद्यालय, सीहोर में छात्राओं के स्वास्थ्य के लिए विशेष एनीमिया परीक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। इस छह दिवसीय कैंप में 400 से अधिक छात्राओं के ब्लड टेस्ट किए जा रहे हैं।

इस शिविर का उद्देश्य छात्राओ में एनीमिया जैसी गंभीर समस्या के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाना है। परिषद को इस अभियान में शासकीय चिकित्सालय सीहोर का पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है। परीक्षण उपरांत ज़रूरतमंद छात्राओं को निःशुल्क दवाइयां भी प्रदान की जाएंगी। बुधवार की दोपहर 1:00 बजे से शिविर की शुरुआत हुई, इसके पश्चात 4:00 बजे "गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन" कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के गणमान्य लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. गगन नामदेव द्वारा




बच्चो को संस्कार से संबंधित वक्तव्य दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वर्षा राठौर, प्रभारी प्रिंसिपल महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय सीहोर ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के प्रान्त सह सचिव रवि ठाकराल, ₹आर्य₹ रितेश राठौर- अध्यक्ष,अजय मिश्रा सचिव, एम एल गुप्ता,नवीन सोनी,दिनेश वर्मा,शोभा चांडक,सुनीता सोनी एवं गोविन्द मंसूरे उपस्थित रहे ।

**गुरुवंदन मे सम्मानित शिक्षक गण :** सुनीता राठौर,अर्चना शर्मा,सुनीता मालवीय, वर्षा राठौर, सुधा गुप्ता,बी एल मालवीय, पियूष बैरागी और जितेंद्र सेन का सम्मान शील्ड देकर एवं पुष्पमाला से किया गया। छात्राओं के सम्मान मे कक्षा 10वी की प्रथम तीन टॉपर प्रिया मालवीय, पूर्णिमा, नीशा एवं कक्षा 8वी मे प्रथम तीन टॉपर कनक, कनिष्का सहित शाला के समस्त भृत्यों का भी सम्मान किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल बालिकाओं को एनीमिया से संबंधित जानकारी देना है, बल्कि उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना भी है। भारत विकास परिषद का यह प्रयास बालिकाओं के स्वास्थ्य संवर्धन की दिशा में एक सराहनीय पहल है। आभार सचिव अजय मिश्रा ने व्यक्त किया ।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई चंद्रशेखर आजाद की जयंती, अर्पित किए श्रद्धासुमन



**सीहोर।** क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर माल्यापरण एवं दीप प्रज्वलित कर उन्हे याद किया और अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए एवं देशहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को इंग्लिशपुरे में क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने अनुशासन के साथ भाजपा नेता मनोज शर्मा के मुख्य अतिथिय में कार्यक्रम आयोजित किया।

शर्मा ने कहा कि क्रांतिकारी आजाद ने अंग्रेजों को देश छोडऩे के लिए मजबूर कर दिया था हम देश की आजादी के लिए दी गई उनकी जीवन कुर्बनी को कभी नहीं भूलेंगे। कां्रतिकारियों के बलिदान से ही हम आजादी की सांस ले रहे है। कार्यक्रम में सेवा यादव, मनोहर सिसोदिया,हरीश विश्वकर्मा, मणीकांत जोशी, संजय सेन, राजेंद्र नागर,निखिल वर्मा, अमन वर्मा, संतोष वर्मा, राजू बोयत आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ससुराल वालों पर महिला को जहर खिलाकर मारने का आरोपः मायके वाले थाने के बाहर शव रखकर बैठे

**बोले- लड़की को दहेज के लिए पीटा**



**सीहोर।** एक महिला की मौत हो गई। ग्वालियर से उसके परिवार के लोग बुधवार शाम को थाने पहुंचे। यहां उन्होंने ससुराल पक्ष पर उसे जहर देकर मारने के आरोप लगाए है। परिवार के लोगों का कहना है कि ससुराल वाले लगातार उसे दहेज के लिए परेशान करते रहते थे। उन पर मारपीट करने का भी आरोप है।

ग्वालियर से आए परिवार के लोग थाने के बाहर महिला का शव लेकर बैठे हैं। वहां ससुराल वालों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

#### दहेज के लिए परेशान करने का आरोप

ग्वालियर की 29 वर्षीय प्रियंका का विवाह सीहोर के चाणक्यपुरी क्षेत्र निवासी धर्मेंद्र से हुआ था। मृतका के परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष लगातार दहेज की मांग कर रहा था। पति कभी बहन की शादी, कभी कार खरीदने के बहाने पैसों की मांग करता था। मायका पक्ष लगातार आर्थिक मदद भी करता रहा।


---

### 20 स्कूलों के बच्चे एवं शिक्षक ऑनलाइन क्लास में एक साथ जुड़े थे

# बीआरसी अमले ने विद्यार्थियों से संवाद कर परखी शैक्षणिक गुणवत्ता, स्कूल प्रबंधन को दिए सुधार के लिए कई सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इछावर

सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के बीआरसीसी अमले द्वारा एक नई पहल की गई है। इसके तहत अब बीआरसीसी एवं बीएसी एक साथ दर्जन भर स्कूलों को एक साथ ऑनलाइन जोड़कर शैक्षिक संवाद किया जाएगा। इस दौरान बच्चों से सीधे संवाद कर उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता की परख की जाएगी। शैक्षिक स्तर में सुधार के लिए संबंधित शिक्षकों को आवश्यक सुझाव के साथ ही दिशा निर्देश जारी किए जाएंगे। बुधवार को इसकी शुरुआत की गई। इस दौरान जनशिक्षा केन्द्र सेमली जदीद के 20 स्कूलों को एक साथ ऑनलाइन जोड़कर बीआरसीसी सुभाष चंद्र दुबे द्वारा बच्चों से शैक्षिक संवाद किया गया। कक्षावार बच्चों से संवाद कर उनके शैक्षणिक स्तर को परखा गया । साथ




ही शैक्षणिक एवं अकादमिक व्यवस्थाओं में बेहतर सुधार के लिए शिक्षकों को आवश्यक सुझाव दिए। बीआरसीसी श्री दूबे ने बताया कि विभिन्न स्कूलों में एक साथ बच्चों के शैक्षणिक स्तर को जांचने एवं अकादमिक व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी लेने के लिए जनपद शिक्षा केन्द्र द्वारा एक पहल शुरू की गई है। यह लगातार जारी रहेगी। इससे स्कूल व्यवस्था के साथ ही बच्चों के शैक्षणिक स्तर में सुधार होगा।

**ऑनलाइन शैक्षणिक संवाद में यह स्कूल हुए शामिल** - बुधवार को आयोजित ऑनलाइन शैक्षिक संवाद में सेमली जन शिक्षा केंद्र के अंतर्गत आने वाले 20 स्कूलों के बच्चे एवं शिक्षक ऑनलाइन क्लास में एक साथ जुड़े थे । इस दौरान बीआरसीसी श्री दूबे ने बावड़ियां नोआबाद स्कूल की कक्षा पांचवीं की छात्रा ज्योति और अंशिका , टॉकपुरा के तीसरी कक्षा के रोशन , दूसरी कक्षा की छात्रा वाणी , बेलदारपुरा कुड़ी स्कूल के कक्षा पांचवीं के छात्र साहिल , साजिद ढाबला माता स्कूल से निशा कक्षा सातवीं शुभम कक्षा सातवीं से चर्चा की गई एवं शैक्षणिक गुणवत्ता का आकलन किया । जिन स्कूलों में बच्चों का स्तर कमजोर पाया गया वहां के शिक्षकों को आवश्यक सुझाव देते हुए संबंधित बच्चों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस संबध में बीएसी शैलेंद्र ठाकुर ने बताया कि इसी प्रकार ब्लॉक के सभी जन शिक्षा केंद्र के स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों से सीधा संवाद किया जाएगा और जो भी खामियां मिलेगी उनके सुधार के लिए शिक्षकों को बताया जाएगा ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सकें। शैक्षिक संवाद में बीएससी शैलेंद्र सिंह ठाकुर , मनोज कुमार राठौर , घनश्याम वर्मा , अशोक वर्मा , अनिल कलमोदिया एवं राकेश वर्मा प्रमुख रूप से शामिल थे।

### बजरंग दल का अभ्यास वर्ग संपन्न



**बुधनी।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी मातृ शक्ति द्वारा बुधनी प्रखंड का अभ्यास वर्ग का आयोजन किया गया जिसमें विश्व हिंदू परिषद संगठन मंत्री भानु प्रताप राजपूत एवं जिला मंत्री राजू जाट उपस्थित रहे । कार्यक्रम में संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर शताब्दी वर्ष मनाने के लिए हिंदू संगठन घर-घर पहुंचेंगे तथा ग्राम प्रखंड और जिला स्तर पर आयोजन किए जाएंगे इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अमित ठाकुर, नगर संयोजक विवेक राजपूत,नगर सहसंयोजक सुरेंद्र चौहान,जितेंद्र यादव नगर सुरक्षा प्रमुख, नगर समरसता प्रमुख प्रथम कदम,नगर गौ रक्षा प्रमुख अखिल सिंह,प्रखंड संयोजक सुवेंद्र राजपूत,सत्संग प्रमुख पिंटू सोनी को नियुक्त किया गया इस दौरान जिला गौ रक्षा प्रमुख धर्मेंद्र,नगर जिला सुरक्षा प्रमुख राहुल राजपूत जिला बल उपासना प्रमुख लालू यादव,प्रखंड अध्यक्ष भानु यादव, एवं नितिन चौबे,पीयूष दुबे,पीयूष यादव, सौरभ धुर्वे,अभिषेक यादव,ललित राजपूत आदि उपस्थित रहे।

### देशभक्ति के नारों से गूंजा आसमान, जनसैलाब ने नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

# अंतिम यात्राः शहीद हरिओम की राजकीय सम्मान के साथ हुई विदाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

जम्मू-कश्मीर की दुर्गम सीमा पर देश सेवा के दौरान शहीद हुए सारंगपुर क्षेत्र के ग्राम टूटियाहेड़ी निवासी भारतीय सेना के वीर जवान हरिओम नागर को मंगलवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। जैसे ही शहीद की पार्थिव देह पचोर खुजनेर होते हुए गांव तक पहुंची, पूरा क्षेत्र भारत माता की जय और हरिओम नागर अमर रहे के नारों से गूंज उठा।

### अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

पचोर से टूटियाहेड़ी तक निकाली गई शहीद की अंतिम यात्रा में हजारों लोगों ने भाग लिया। पुष्पवर्षा, देशभक्ति गीतों और नारों के साथ लोगों ने नम आंखों से अपने लाल को अंतिम विदाई दी। हर चौराहे पर लोग फूलमालाएं लिए खड़े रहे। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई भावविभोर दिखा।

### सैन्य परंपराओं के अनुसार दी गई अंतिम सलामी

टूटियाहेड़ी गांव में भारतीय सेना की टुकड़ी द्वारा शहीद को सैन्य सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी गई। तिरंगे में लिपटी पार्थिव देह को गार्ड ऑफ ऑनर, हवाई फायरिंग, और राष्ट्रगान के साथ अंतिम विदाई दी गई। यह दृश्य देखकर हर आँख नम हो गई। इस मौके पर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल,राज्य मंत्री मोहन नागर सांसद रोडमल नागर,विधायक अमरसिंह यादव, कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा, एसपी अमित तोलानी, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर एसडीएम रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, पचोर नपाध्यक्ष विकास करोड़िया सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण जन जनप्रतिनिधि अधिकारी गण ने श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मंत्री टेटवाल ने कहा कि हरिओम नागर जैसे वीर सपूतों से ही भारत की आत्मा जीवित रहती है। उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि शहीद की प्रतिमा स्थापित की जाएगी और सरकार हर कदम पर परिवार के साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से अपील की कि शहादत को केवल शोक नहीं, राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा मानें।

### एक आदर्श पुत्र, जो बना देश का बेटा

*हरिओम नागर बचपन से ही देशभक्ति और अनुशासन के प्रतीक रहे। प्रारंभिक शिक्षा के बाद सेना में भर्ती होकर उन्होंने राष्ट्रसेवा को अपना धर्म बना लिया। उनके शिक्षक बताते हैं कि वे सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते थे।शहीद के पिता ने कहा, बेटा अब पूरे देश का बेटा बन गया है, उसका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। माँ ने अश्रुपूरित नेत्रों से कहा, बेटे ने हमारे ही नहीं, पूरे देश का मान बढ़ा दिया। हरिओम नागर की शहादत को सोशल मीडिया पर भी व्यापक श्रद्धांजलि मिली। हजारों लोगों ने उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। यह बलिदान टूटियाहेड़ी या पचोर का नहीं, समूचे भारत का है।शहीद हरिओम नागर का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा और उनकी शहादत आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा देती रहेगी। शहीद हरिओम नागर अमर रहे।*

# सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

### महिला के फोटो वायरल करने की धमकी देकर मांग रहा था रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



राजगढ़ ब्लॉक के पिपलोदी पशु औषधालय में पदस्थ सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पर कोतवाली पुलिस ने विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। संबंधित अधिकारी पर एक महिला के कुछ फोटो वायरल करने की धमकी देकर महिला के परिजन से 50 हजार रुपए की मांग करने का आरोप है। पुलिस ने शिकायत के बाद संबंधित अधिकारी पर अड़ीबाजी सहित आईटी एक्ट की धारा में अपराध पंजीबद्ध किया है।

### क्या है मामला

जानकारी के अनुसार पशु औषधालय पिपलोदी में पदस्थ सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी आजाद खान निवासी पीटी कंपनी राजगढ़ के संबंध में कोतवाली पुलिस को एक शिकायत प्राप्त हुई। शिकायतकर्ता के अनुसार रिश्ते में उनकी परिजन लगने वाली विवाहिता महिला के कुछ आपत्तिजनक फोटो वायरल करने की धमकी देकर आजाद खान द्वारा 50 हजार रुपए देने की मांग की जा रही है। इसके साथ ही राशि नहीं देने पर महिला और उसके पिता को जान से मारने की धमकी भी आजाद खान द्वारा दी गई है। फरियादी ने शिकायत के संबंध में कुछ साक्ष्य भी पुलिस को उपलब्ध करवाए। मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस ने सहा. पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी आजाद खान निवासी पीटी कंपनी मस्जिद के समीप पर बीएनएस की धारा 308(5), 79 एवं आईटी एक्ट की धारा 66 के तहत एफआईआर दर्ज की है।

### भाजपा महामंत्री और हिंदू संगठनों ने जताया विरोध

21 जुलाई को कुछ हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता ने बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक तथा भाजपा जिला महामंत्री देवीसिंह सौंधिया के साथ जाकर जिला कलेक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक राजगढ़ को एक आवेदन देकर पूरी घटना की जानकारी देते हुए उक्त पशु चिकित्सक की सारी जानकारी दी, तो प्रशासन ने तुरंत कार्यवाही करते हुए इसके मोबाइल जब्त करके उन्हें खंगाले जिसमें कई आपत्ति जनक सामग्री पाई गई तो उस पर मंगलवार को एफआईआर दर्ज करते हुए कार्यवाही प्रारंभ कर दी।

### किसके कहने पर हुई पशु चिकित्सक की वापसी?

इस घटना पर भाजपा जिला महामंत्री देवीसिंह सौंधिया ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि लव जिहाद के मामले को लेकर हम पूर्ण तैयार हैं। हम किसी भी हाल में इस तरह का कृत्य नहीं होने देंगे। परंतु यह शर्मिंदगी की बात है कि जिस डॉक्टर को इसी तरह की शिकायतों के चलते नरसिंहगढ़ तबादला किया गया था फिर किसके कहने पर उसे पूर्व स्थान पर पहुंचाकर आजाद खान को और आजादी दे दी गई। महामंत्री सौंधिया ने कहा कि हम राष्ट्रविरोधी ताकतों का पूर्ण रूप से विरोध करते है फिर चाहे पक्ष में हो या विपक्ष में उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा।

### नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में सजी भक्ति की अनुपम छटा

*सारंगपुर। नगर की सांस्कृतिक व धार्मिक चेतना को जाग्रत करने वाले आयोजनों की श्रृंखला में नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर परिसर एक बार फिर शिवभक्ति की आलौकिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। हिंदू उत्सव समिति, सारंगपुर द्वारा प्रारंभ की गई सायंकालीन सामूहिक आरती परंपरा को जनसामान्य का अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है। इसी क्रम में सोमवार को पुराना बस स्टैंड स्थित नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर पर संपन्न सामूहिक आरती में श्रद्धालुओं का अपार जनसैलाब उमड़ पड़ा। घंटे-घड़ियालों की ध्वनि, शिव नाम की गूंज और दीपों की झिलमिलाती रोशनी से मंदिर प्रांगण शिवमय वातावरण में परिणत हो गया। भक्ति और भावनाओं की इस अपूर्व छटा ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।*

### पुलिस गश्त के बाद भी हाइवे पर जारी है ट्रक कटिंग

# मुंबई से लखनऊ जा रहे ट्रक से दवाइयों के बक्से चोरी, पुलिस ने मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



नेशनल हाईवे पर ट्रक कटिंग की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। हाईवे पर सक्रिय चोर गिरोह एक बार फिर पुलिस की सतर्कता को चुनौती देते हुए वारदात को अंजाम देने में सफल रहे। मंगलवार रात्रि को मुंबई से लखनऊ जा रहे एक ट्रक से चोरों ने दवाइयों से भरे बक्से चोरी कर लिए।

इस संबंध में ट्रक चालक जगदा सेनी पिता हरिकिशन सेनी (उम्र 40 वर्ष), निवासी सरकारा मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश की शिकायत पर पुलिस ने चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। गौरतलब है कि इससे पहले 17 जुलाई की रात भी हाईवे पर दो ट्रकों से इलेक्ट्रिक उपकरण और पार्सल चोरी होने की घटनाएं सामने आई थीं। दोनों वारदातें सारंगपुर थाना क्षेत्र में हुई थीं। पुलिस ने तब भी अज्ञात चोरों पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की थी, लेकिन अब तक चोर गिरोहों का कोई सुराग नहीं मिला है। इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए एसपी अमित तोलानी ने स्वयं हाईवे का निरीक्षण किया। उनके निर्देश पर एडिशनल एसपी के मार्गदर्शन में एसडीओपी अरविंद्र सिंह के नेतृत्व में थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा एवं उनकी टीम द्वारा लगातार रात्रि गश्त और चेकिंग की जा रही है। इसके बावजूद चोर गिरोह के हौसले बुलंद हैं और वे पुलिस की गश्त को चकमा देकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। क्षेत्र में बढ़ती इन घटनाओं को लेकर ट्रक चालकों और व्यापारियों में भय का माहौल है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही चोर गिरोह की पहचान कर गिरफ्तार किया जाएगा।

### बीएसओ बोले - डॉक्टर जल्दी ही करेंगे अपना सरकारी निवास खाली

# स्थानांतरण के बाद भी चिकित्सक निवास पर कब्जा जमाये बैठे हैं डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर



डॉ भरतलाल शाक्य का माचलपुर स्वास्थ केंद्र से अटैचमेंट समाप्ति और स्थानांतरण के बाद भी शायद मोहभंग नहीं हो रहा है। महिला चिकित्सक द्वारा यौन उत्पीड़न की शिकायत के बाद नियम कायदों को ताक पर रखते हुए उल्टा उसे माचलपुर स्वास्थ केंद्र से हटाकर पहले राजगढ़ फिर खुजनेर स्वास्थ केंद्र अटैच कर दिया गया था।

नगर व क्षेत्र के नागरिकों के विरोध के बाद विधायक हजारीलाल दांगी ने डॉ भरतलाल शाक्य की कार्यप्रणाली से अप्रसन्नता जाहिर करते हुए महिला चिकित्सक को वापस लाने एवं डॉ भरतलाल को अपनी विधानसभा के बाहर अन्यत्र करने हेतु पत्र लिखा था किसको लेकर नगर व क्षेत्र के नागरिकों उनका धन्यवाद ज्ञापित किया था। जिसके बाद तत्कालीन जिला स्वास्थ एवं चिकित्सा अधिकारी किरण वाडिवा द्वारा एक आदेश 16 मई को जारी करते हुए माचलपुर और गोघटपुर के स्वास्थ केंद्र से अटैच कर रखे चिकित्सकों को वापस अपने स्थान पर ही सेवाएं देने हेतु आदेशित किया था पर अपने माचलपुर स्वास्थ केंद्र से मोह को लेकर डाक्टर भारतलाल शाक्य पहले छुट्टी पर फिर लंबे चिकित्सा अवकाश लेकर चले गए। फिर मध्यप्रदेश स्वास्थ एवम चिकित्सा शिक्षा विभाग आयुक्त द्वारा 8 जून को एक स्थानांतरण आदेश इछावर सीहोर का जारी किया था जिसमे तत्काल प्रभाव से कार्य हेतु आदेशित किया गया था। अटेचमेंट समाप्ति के तीन माह बाद और स्थांतरण के डेढ़ माह बाद भी सरकारी आवास पर अपना कब्जा जमा रखा है। जिसके कारण स्वास्थ केंद्र की व्यवस्था बिगड़ रही है। साथ ही महिला चिकित्सक जिसने डाक्टर साहब की शिकायत की थी। उसे भी रात्रि ड्यूटी के दौरान एक डर बना रहता है। अब देखना यह की कब तक जिम्मेदार इन व्यवस्थाओं में सुधार का प्रयास करते हैं और नगर व क्षेत्र के नागरिकों को महिला चिकित्सक की पदस्थापना का पूर्ण लाभ मिलता है।

#### इनका कहना है...

हमने आदेश जारी कर दिया। अब वहा का बीएमओ खाली करवा सकता है।

**शोभा पटेल**
**जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी राजगढ़**

डॉक्टर भरतलाल शाक्य ने जुलाई लास्ट में चिकित्सा निवास खाली करने का बोला है।

**सुनील चौरसिया**
**ब्लाक चिकित्सा अधिकारी जीरापुर**

### पूर्व विधायक के नेतृत्व में कलेक्टोरेट पहुंचे अनेकों किसान

# 20 गांवों की फसलें खराब, सर्वे कर फसल बीमा की रखी मांग



**राजगढ़।** राजगढ़ ब्लॉक के अनेकों गांवों में अत्यधिक बारिश के चलते खेतों में सोयाबीन, मक्का के बीज पनप नहीं पा रहे हैं। दो-दो बार बोवनी करने के बाद भी जब उपज अंकुरित नहीं हो पाई तो करीब 20 गांवों के अनेकों किसान मंगलवार दोपहर अपनी पीड़ा लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे। पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी के नेतृत्व में कलेक्टोरेट पहुंचे किसानों ने एसडीएम रत्नेश श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपते हुए प्रभावित फसलों का सर्वे करवाते हुए फसल बीमा एवं मुआवजा देने की मांग रखी। इसके पूर्व किसानों ने कलेक्टोरेट के गेट के समीप बैठकर काफी समय तक नारेबाजी की। किसानों की मांग पर एसडीएम ने नियमानुसार कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

### इन गांवों में खराब हुई है फसल

पूर्व विधायक कल्पोनी ने बताया कि करेड़ी, गोरखपुरा, गेहूंखेड़ी, राजपुरा, कोलूखेडी, खारचाखेड़ी, खैरासी, टोडरी, हताईखेड़ा, तलाईखेड़ा, पीपल्याकुमार, खजूरी, करेड़ा, जलालिया, रोजड़, लिम्बोदा, चौसला, तूमड़ियाखेड़ी, गुराड़िया, खेड़ी, घोड़ाखेड़ा, बरखेड़ा के सैकड़ों खेतों में बीच पनप नहीं पाया है। यहां के किसान दो-दो बार बोवनी कर चुके हैं लेकिन बीज अंकुरित नहीं हुआ। ऐसे में उक्त ग्रामों में तुरंत विशेष सर्वे करवाते हुए उचित मुआवजा व फसल बीमा दिया जाना चाहिए।

### साहब हम जिंदा हैं, सचिव ने कागजों में कर दिया मृत घोषित

### कलेक्टर से गुहार लगाने पहुंचे लसुड़ली धाकड़ के छह आवेदक



**राजगढ़।** राजगढ़ जनपद की ग्राम पंचायत लसुड़ली धाकड़ निवासी छह बुजुर्गों को कागजों में मृत घोषित किए जाने का मामला सामने आया है। समग्र पोर्टल से नाम हटने पर जब इन बुजुर्गों को मिलने वाली वृद्धावस्था पेंशन, राशन आदि बंद हो गए तो ये सभी मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचे। फरियादी बुजुर्गों कलेक्टर को स्वयं आवेदन सौंपकर अपने जीवित होने का प्रमाण दिया।

लसुड़ली धाकड़ निवासी लक्ष्मीचंद पिता जगन्नाथ धाकड़, बद्रीलाल पिता देवचंद भील, कंचनबाई पत्नी भंवरलाल धाकड़, बालचंद पिता मोतीलाल बलाई, केशरसिंह पिता गोपीलाल धाकड़, भूलीबाई पत्नी भैरूसिंह ने बताया कि उनके जीवित होते हुए समग्र पोर्टल पर उन्हें मृत दर्शा दिया गया है। इसके चलते उन्हें मिल रही विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे राशन, किसान सम्मान निधि, वृद्धावस्था पेंशन इत्यादि का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पंचायत सचिव ने दुर्भावनावश उनके नाम हटाए हैं। जब उन्होंने इस बारे में सचिव से पूछताछ की तो उनके द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। वृद्धजनों की शिकायत पर डिप्टी कलेक्टर द्वारा पूरे मामले की जांच करवाई जा रही है।

### आगामी 16 सितंबर तक चलेगा यह संपूर्ण अभियान

# बच्चे को विटामिन-ए की खुराक पिलाकर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने दस्तक अभियान का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने, कुपोषण व बाल मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से जिले में मंगलवार से दस्तक अभियान का शुभारंभ हुआ। जिला अस्पताल में एक बच्चे को विटामिन-ए की दवा पिलाते हुए कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि अभियान के लिए बनाई गई कार्ययोजना अनुसार शत-प्रतिशत कार्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि फील्ड स्तर के अधिकारी और कर्मचारी बराबर इसकी मॉनीटरिंग करेंगे। एक पखवाड़े बाद अभियान की उपलब्धि एवं इससे हितग्राही बच्चों को हुए लाभ की समीक्षा की जाएगी। अभियान के शुभारंभ अवसर पर एसपी अमित तोलानी भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी एक बच्चे को विटमिन-ए की खुराक पिलाते हुए आमजनों से अभियान में सहभागिता करने का आगृह किया। अभियान के शुभारंभ अवसर पर सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल द्वारा अतिथियों को पौधा भेंट किया गया। उन्होंने अधिकारियों एवं उपस्थितजनों को अभियान की पूरी रूपरेखा एवं तैयारियों से अवगत कराया।

### 5 वर्ष तक के हर बच्चे की होगी जांच

सीएमएचओ डॉ. पटेल ने बताया कि अभियान के तहत जीरो से 5 साल तक के समस्त बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया जाएगा। जिला टीकाकरण अधिकार डॉ एलपी भकोरिया ने अभियान के दौरान महिला बाल विकास, शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग और ग्रामीण यांत्रिकी विभाग से सहयोग की अपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि आपसी सहयोग एवं समन्वय से किसी भी अभियान को सफल बनाया जा सकता है। अभियान में ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों के बच्चों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया जाएगा। इससे जिले में होने वाली शिशु मृत्यु दर और कुपोषण में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद जताई जा रही है। इस अवसर पर डॉ केके श्रीवास्तक, डॉ आरके कठेरिया, डॉ आरएस परिहार, सीबीएमओ डॉ एसके मित्तल, डॉ पीके जैन, डॉ सुधीर कलावत, आरएमओ डॉ अमित कोहली, डॉ आरएस माथुर, जिला मूल्यांकन अधिकारी आनंद भारद्वाज, डीसीएम सुनील वर्मा सहित अन्य स्वास्थ्य अमला मौजूद था।

# ब्लॉक मेडिकल अधिकारी ने अवैध पैथोलॉजी लैब को सील किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर




नगर में शासन के नियमों की अनदेखी करते हुए संचालित पैथोलॉजी लैब को जिला चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर ने सील कर दिया। जानकारी के अनुसार अवैध लैबो का संचालन नगर में बना हुआ था जिसमें शासन के नियमों का पालन नहीं होने से ब्लाक मेडिकल अधिकारी द्वारा लैब संचालक को डेढ़ माह पूर्व नोटिस देकर अवगत कराया गया था कि लैब संचालक संबंधित दस्तावेज को सिविल अस्पताल में जमा करें। परंतु आज दिनांक तक केवल दो ही लैबों के दस्तावेज जमा हो पाए हैं।

तदउपरांत जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ शोभा पटेल के निर्देशन में ब्लॉक मेडिकल अधिकारी डॉ सुनिल चौरसिया द्वारा राजस्व विभाग की टीम एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम गठित कर नगर में संचालित सात अवैध पैथोलॉजी लैब पर छापा मारकर उन्हें सील कर दिया। जांच में सामने आया कि लैब न तो पंजीकृत थी और न ही वहां कार्यरत कर्मचारियों के पास आवश्यक डिग्री या लाइसेंस मौजूद था। मरीजों की सेहत से खिलवाड़ करने वाली इन लैब पर कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया कि ऐसे अवैध संस्थानों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।

### इन लैब को किया गया सील

आरके पैथोलाजी, अंश पैथोलाजी लेब बंद अवस्था में थी। क्षिप्रा लेब, अंकित लेब, श्रीश्याम लेब, सार्थक लेब, महादेव लेब के पास एक भी दस्तावेज नहीं मिलने पर पंचनामा बनाकर इन्हें सील किया गया। हालांकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई कार्रवाई सराहनीय पहल है लेकिन पूर्व में भी दो झोलाछाप डॉक्टरों के निजी क्लिनिक एवं लैबों को सील किया गया था जो करवाई उपरांत पुनः किसी उचित कार्रवाई के सील खोले गए जो नगर में धड़ल्ले से संचालित है। शासन प्रशासन को ऐसे निजी छोला छाप डॉक्टर पर भी उचित कार्रवाई करना चाहिए ताकि मरीजों के जीवन से खिलवाड़ न हो।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस ने मनाई आजाद की जन्मतिथि

**सीहोर।** बुधवार को देश के अमर शहीद महान क्रांतिकारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर कांग्रेसजनों ने जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा के नेतृत्व में उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर उनको याद किया। इस अवसर पर पंकज शर्मा ने कहा कि आज देश की जो स्थिति और परिस्थिति है, उसके अनुसार हमें इन महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने की बहुत ज्यादा आवश्यकता है, यही हमारा धर्म और देश के प्रति कर्तव्य भी है। देश की एकता और अखंडता के लिए आज हमको एकजुट होकर सामूहिक रूप से प्रयास करना होंगे, तभी देश तरक्की की राह पर अग्रसर होगा और हमारे इन अमर बलिदानियों का देश को विकास के रास्ते पर ले जाने का सपना साकार हो सकेगा। पंकज शर्मा ने आगे कहा कि चंद्रशेखर आजाद अपने नाम के अनुसार ही हमेशा आजाद की तरह ही जिए और जब उन्हें अग्रेजों ने चारों तरफ से घेर लिया तो उन्होंने आजाद की तरह ही स्वयं ही अपने आप को गोली मारकर अपने प्राणों की आहुति दे दी और एक आजाद की तरह ही शहीद हो गए लेकिन अग्रेजों के हाथ नहीं आए। पंकज शर्मा ने कहा कि हमारे देश में ऐसे-ऐसे महान क्रांतिकारी पैदा हुए हैं, जिन्होंने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपने प्राणों की आहुति दे दी, आज हमको उनको बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों में प्रमुख रूप से राजेश रैकवाल, डॉ. हर्ष गुप्ता, अरुण मालवीय, रोहित जैन, जयसिंह भारती, रोहित प्रजापति सहित बडी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल रहे।

### बारिश ने खोली घटिया निर्माण की पोल, लगे भ्रष्टाचार के आरोप

# निर्माण की गुणवत्ता पर सवालः 30 दिन पहले बनी सड़क उखड़ी, पुलिया भी धंसी

नवनिर्मित सड़क में जगह-जगह नजर आ रहे गड्ढे, पुलिया भी क्षितग्रस्त हो गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विधानसभा क्षेत्र में जारी बारिश के मौसम ने लोक निर्माण विभाग और ठेकेदारों की लापरवाही की परतें खोल दी हैं। तहसील क्षेत्र के हीरापुर से हुसैनपुर खेड़ी गांव तक की महज एक माह पहले बनी डामर सड़क पहली ही बारिश में जमीन के अंदर धंस गई है। वही सड़क पर जगह जगह बड़ी बड़ी दरारें पड़ गई है और अब ऐसे में बड़े गड्ढे के रूप में धंसी सड़क से आवागमन करने वाले ग्रामीणों के लिए खतरा बन सकती है वही लोक निर्माण विभाग ने भी तत्काल एमएम डब्लू (मिक्स) मरम्मत करवा कर अपने और ठेकेदार के कारनामों को छुपाने का प्रयास किया है ग्रामीण ने आरोप लगाया है की कुछ माह पहले बनी सड़क के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री इस्तेमाल की गई है और इसमें बड़ा भ्रष्टाचार किया गया है वही इस सड़क की जिला प्रशासन को गुणवत्ता की जांच भी करनी चाहिए। गांव के स्थानीय ग्रामीणों ने कहा की वर्षों पुरानी मांग पर लोक निर्माण विभाग ने जून जुलाई माह में यह सड़क बनाई थी ।वही यह सड़क पहली ही बरसात नहीं झेल पाई, जो स्पष्ट तौर पर सड़क निर्माण में घोर लापरवाही और भ्रष्टाचार का नतीजा है

### ढाई किलोमीटर की सड़क, लाखों रुपए की लागत, एक माह में जमीन में धंसी

जानकारी अनुसार हीरापुर से हुसैनपुर खेड़ी तक ढाई किलोमीटर की यह सड़क लाखों रुपए की लागत से बनाई गई है। जिसका निर्माण कार्य आर के कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा किया गया है और बकायदा इस सड़क निर्माण का एक बोर्ड भी लगाया गया है जिसमें तत्कालीन लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के नाम भी अंकित किए गए हैं जो अब इस सड़क में हुए बंदरबाट की पूरी कहानी को बयां कर रहा है। खेर अब देखना यह की इस सड़क निर्माण में बरती




गई लापरवाही के लिए ठेकेदार और सम्बंधित इंजिनियर की क्या जवाबदेही तय की जाती है या फिर इसी तरह खेल चलता रहेगा।

### जिम्मेदार बोले हमने करा दी मरम्मत

इस मामले पर लोक निर्माण विभाग के एसडीओ अनमोल मिश्रा ने कहा की मुझे जानकारी मिलते ही ठेकेदार को निर्देश देकर सड़क की मरम्मत करवा करवा दी गई है वही बारिश के बाद पुनः सड़क और पुलिया को दुरुस्त किया जाएगा। और यह पूरी सड़क का 95 प्रतिशत कार्यवाही पुराने अधिकारियों के कार्यकाल में हुआ है और यह सड़क 1 माह पहले ही बनकर तैयार हुई थी।

### गंभीर चूक, कराएंगे जांच

यदि पहली बारिश में ही सड़क बैठ रही है तो यह गंभीर चूक का विषय है जांच करवा कर कार्यवाही करेंगे और एसडीओ पीडब्लूडी से बोलता हु व्यवस्थित जांच करें और नियम अनुसार ठेकेदार पर कार्यवाही की जाएगी।

नितिन टाले, एसडीएम आष्टा

# नशे से दूरी है जरूरी, अभियान के तहत अवैध गांजा परिवहन करते एक गिरफ्तार

**82 हजार का माल जब्त**



**आष्टा।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा संचालित प्रदेशव्यापी नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी, सेवन एवं विक्रय पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में थाना जावर पुलिस द्वारा एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा का परिवहन कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। 22 जुलाई को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत व एसडीओपी आकाश अमलकर के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक नीता देअरवाल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर मेहतवाड़ा बायपास, इंदौर-भोपाल हाईवे पर घेराबंदी कर कार्यवाही की गई। चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को संदिग्ध हालत में गांजा परिवहन करते हुए पकड़ा गया।

आरोपी से पुलिस रिमांड लेकर पृथक से पूछताछ की जाएगी।

आरोपी घनश्याम पिता दिनेश चौहान वार्ड 12, मेन रोड, सिया, जिला देवास से एककिलो 151 ग्राम 22 हजार का गांजा और मोटरसाइकिल कीमत लगभग 60 हजार कुल मशरूका 82 जब्त किया। इस संपूर्ण कार्रवाई में निरीक्षक नीता देअरवाल, उप निरीक्षक बीएल वर्मा, प्रधान आरक्षक सुरेश परमार, आरक्षक बलराम, आरक्षक अनिल, आरक्षक पवन, सैनिक राहुल, सैनिक जगदीश, सैनिक मानसिंह एवं थाना जावर पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

### श्री सतगुरुदेव गोशाला में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण



**आष्टा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था पगारिया राम द्वारा श्री सतगुरुदेव गोशाला अरनिया जौहरी में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत आम पीपल, नीम, एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी, मेन्टर्स कन्हैया लाल दरिया ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष चम्पा लाल सोलंकी सचिव कमल सिंह ठाकुर सरपंच प्रतिनिधि सवाई सिंह ठाकुर गोशाला सेवक जय सिंह, मनोहर सिंह शेरू सिंह, भेरू सिंह जीवन सिंह एवं प्रस्फुटन समिति, सतगुरुदेव गोशाला समिति के सदस्य गण उपस्थित रहे विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी ने पौधेरोपण एक पेड़ मां के नाम अभियान का महत्व समझाया ।

# नशे से दूरी है जरूरी, अभियान के तहत नागरिकों को किया जागरुक



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार 15 से 30 जुलाई तक चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत 23 जुलाई को अनुभाग आष्टा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय सीहोर श्री दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमति सुनिता रावत के मार्गदर्शन में अनुभाग आष्टा के थाना आष्टा, थाना पार्वती, थाना जावर एवं थाना सिद्दीकगंज द्वारा कस्बा क्षैत्र में मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अभियान अंतर्गत अनुभाग आष्टा के थाना आष्टा, पार्वती, जावर एवं थाना सिद्दीकगंज की पुलिस द्वारा कस्बा क्षैत्र, सार्वजनिक स्थानों, मुख्य चौराहो, बस स्टेण्ड पर पब्लिक परिवहन बस, मैजिक, ऑटो एवं अन्य वाहन के चालक, कंडेक्टर, यात्रीगण तथा दुकानदार, आम लोगो को इक्ट्ठा कर संवाद कर एवं लैपटाप, मोबाइल, टैबलेट के माध्यम से शार्ट फिल्म, वीडियो, रील दिखाकर एवं बैनर, पोस्टर लगाकर एवं पम्पलेट वितरित कर नशे के दुष्प्रभाव, नशा मुक्त जीवन के लाभ तथा नशे को सामाजिक, मानिसक, आर्थिक एवं शारीरिक समस्या के रूप मे प्रदर्शित किया गया। नगर पालिका के कचरा वाहनो से आडियो चलाकर भी नशे से दूर रहने का संदेश दिया तथा प्रोत्साहित किया। हेल्पलाईन नम्बरो की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के समापन पर नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम मे यात्रीगण, दुकानदार, आमजन, पत्रकार व पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।

# पुलिस की अपीलः स्कूल के पास दिखे पान की दुकान तो डॉयल 100 पर दें सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पुलिस मुख्यालय भोपाल के दिशा निर्देश पर जिले में पुलिस द्वारा नशा मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 30 जुलाई तक चलेगा। अभियान के अंतर्गत अब तक शहरी क्षेत्रों में लोगों को जागरुक किया जा रहा था. अभियान को लेकर हरिभूमि ने खबर प्रकाशित कर स्कूल-कॉलेजों के आसपास पान की दुकान को लेकर ध्यान आकर्षित कराया गया था, जिस पर बुधवार को पुलिस ने स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों से कहा कि स्कूल के आसपास पान की दुकान दिखे तो डॉयल 100 पर सूचित करें। मंडी थाना पुलिस ने बुधवार सेंट मैरी हायर सेकेंडरी स्कूल में नशे से दूरी है जरूरी, कार्यक्रम आयोजित किया। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत के निर्देशन में हुए इस कार्यक्रम में नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा भी मौजूद थीं। थाना स्टाफ ने कक्षा 9वीं और 10वीं के 221 छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों और सामाजिक बुराई के बारे में जानकारी दी। उन्हें जागरूक करने के लिए लघु वीडियो और रील्स दिखाई गईं साथ ही नशा मुक्ति हेल्पलाइन नंबर 14446 का भी प्रचार किया गया। सभी छात्रों और शिक्षकों को नशा न करने की शपथ दिलवाई गई और पम्प्लेट वितरित किए गए। पुलिस ने बच्चों और शिक्षकों को स्कूल के आस-पास तम्बाकू सिगरेट की गुमटी दिखने पर तत्काल 100 नंबर पर शिकायत करे या संबंधित थाने को सूचित करने की सलाह दी। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखकर सुरक्षित भविष्य की ओर प्रेरित करना है।

# बिजली पोल से चोर चुरा ले गए बिजली के तार




हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

सिद्धि गंज थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम खाचरोद में लगातार पिछले दो दिनों से बिजली के खंभे से तार की चोरी हो रही है। जिससे किसान बहुत चिंतित है। ग्राम खाचरोद के किसान संजू जाट, दीपक जाट, चुन्नीलाल जाट व राम सिंह ने बताया कि हमारे खेत पर जा रही बिजली के 10 से 15 खंबे के तार सोमवार व मंगलवार को रात्रि में अज्ञात चोर चुरा ले गए। इसकी सूचना बिजली घर के सुपरवाइजर को दी है। वहीं हमारी मांग है कि हमारे खेतों की लाइन के तार फिर से लगाया जाए। अज्ञात चोरों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए।

# कैबिनेट मंत्री के दौरे को लेकर बैठक में हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



25 जुलाई की शाम को मप्र शासन के नगरीय निकाय एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एक दिवसीय प्रवास पर आष्टा आयेंगे। कैबिनेट मंत्री विजयवर्गीय आष्टा में करोड़ो रूपये के निर्माण व विकास कार्यो के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर आष्टा को विकास की सौगातें देंगे। मंत्री विजयवर्गीय के दौरे व आयोजित कार्यक्रम को भव्य स्वरूप प्रदान करने, उनके भव्य स्वागत को लेकर विधायक कार्यालय पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर की अध्यक्षता में भाजपा के सभी आठो मंडलो के अध्यक्षो, आष्टा नगर पालिका अध्यक्ष, पार्षदों, संगठन के पदाधिकारियों व वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की मप्र शासन के हमारे वरिष्ठ मंत्री कैलाश जी विजयवर्गीय जी 25 जुलाई को आष्टा आ रहे है उनके आगमन पर हम सब को मिल कर आयोजित कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करना है । उनके आगमन से लेकर सम्पूर्ण कार्यक्रम तक सब कुछ व्यवस्थित रूप से कार्यक्रम सम्पन्न हो इसकी हम सब को चिंता करना है। बैठक को संबोधित करते हुए नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा ने 25 जुलाई को आयोजिय कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी एवं बताया की मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जी किन किन विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। मंत्री जी के आगमन पर अनेकों मंचो से उनका भव्य स्वागत किया जायेगा। नगर आगमन जुलूस बायपास चौपाटी से शुरू हो कर अलीपुर चोराहे से होता हुआ पार्वती नदी पर बने अटल सेतु के लोकार्पण कार्यक्रम स्थल बाँसबेडा मंदिर के सामने पहुचेगा। पूरे जुलूस मार्ग पर अनेकों मंचो से मंत्री जी का स्वागत सम्मान किया जायेगा। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जी पार्वती नदी पर बने नये अटल सेतु,पार्वती नदी पर बने दो घाट, 3 संजीवनी क्लीनिकों का लोकार्पण, कमल तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य,नये नपा भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन सहित अन्य विकास की सौगातें देंगे। आयोजित लोकार्पण-भूमिपूजन कार्यक्रम में सीहोर जिला प्राभारी मंत्री मति कृष्णा गौर,सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी,जिला भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाडा आदि भी विशेष रूप से हम सब को मार्गदर्शन देने उपस्तिथ रहेंगे। सम्पन्न बैठक में जिला भाजपा महामंत्री धारासिंह पटेल विशेष रूप से उपस्तिथ रहे।

### ग्रामीण स्तर पर कचरे से ब्रिकेटिंग को लेकर स्टार्टअप प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

# ग्रामीण शिक्षा और नवाचार से ही होगा देश का विकासः मालवीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

टैलेंट इनोवेटिव हायर सेकंडरी स्कूल, सेमनरी रोड़ में मां हिंगलाज सेवा समिति और कर्मयोगी जनकल्याण संस्था के संयुक्त तत्वावधान में मध्यप्रदेश विज्ञान औश्र प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल के सहयोग से ट्रेनिंग फॉर ब्रिकेटिंग ऑफ वेस्ट मटेरियल एट हाउसहोल्ड लेवल इन रूरल एरिया एज़ अ स्टार्टअप प्रोग्राम विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में कचरे से ब्रिकेटिंग के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन एवं रोजगार सृजन की संभावनाओं को उजागर करना था। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य सुदीप जायसवाल ने दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर किया। सरस्वती पूजन व सरस्वती वंदना पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। संचालन का दायित्व विराग बोहरे ने कुशलता से निभाया। कार्यक्रम में स्थानीय सामाजिक व शैक्षिक क्षेत्र से जुड़े अनेक जनों ने भाग लिया। प्रमुख रूप से सीहोर जिले की ग्राम पंचायतों से सरपंचों ने अधिक संख्या में सहभागिता की।कार्यशाला में प्रथम सत्र में डॉ. आकाश पटेल ने बताया कि ग्रामीण परिवारों में उत्पन्न कचरे से ब्रिकेटिंग कर हम पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ऊर्जा की उपलब्धता बढ़ा सकते हैं। यह तकनीक न केवल किफायती है बल्कि युवाओं के लिए



स्वरोजगार का एक प्रभावी माध्यम भी बन सकती है। ग्रामीण युवाओं को इस तकनीक पर प्रशिक्षित कर स्टार्टअप प्रारंभ करने के लिए प्रेरित करना ही हमारा उद्देश्य है। इसके बाद वरिष्ठ तकनीकी कंसलटेंट केके कालरा ने पंचायतों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि ग्राम पंचायतें शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में मील का पत्थर साबित हो सकती हैं। पंचायत स्तर पर शिक्षा निगरानी समितियों का गठन कर बच्चों की पढ़ाई पर नजर रखी जा सकती है और शिक्षकों की कार्यक्षमता में सुधार लाया जा सकता है। पंचायत से जुड़ी शैक्षिक पहल से ग्रामीण शिक्षा का स्तर ऊपर उठेगा, जिसमें संस्था पूर्ण सहयोग करेगी। अगले सत्र में अनुराग शुक्ला ने कृषि आधारित उद्योग और ग्राम उद्योग को शिक्षा प्रणाली से जोड़ने के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि आज के समय में शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। कृषि और ग्रामोद्योगों को शिक्षा से जोड़कर युवाओं को व्यावहारिक ज्ञान और रोजगार के अवसर देने होंगे। इससे न केवल बेरोजगारी कम होगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। कार्यशाला के समापन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. राजकुमार मालवीय, प्रदेश कार्यालय प्रभारी, मध्यप्रदेश भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ ने कहा कि ग्रामीण शिक्षा और नवाचार को केन्द्र में रखते हुए यदि हम स्टार्टअप की पहल करें तो देश का विकास तेजी से होगा। हमें अब गांव को ही शिक्षा का केन्द्र बनाना होगा। ताकि ग्रामीण प्रतिभाएं अपने क्षेत्र में ही उत्कृष्टता हासिल कर सकें। यह कार्यशाला एक महत्वपूर्ण पहल है जो ग्रामीण क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में कारगर साबित होगी। कार्यक्रम के दौरान डॉ. राजकुमार मालवीय का जन्मदिन भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर केक काटा गया और मिष्ठान वितरण किया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। चाय-नाश्ते की भी उचित व्यवस्था की गई थी।कार्यशाला का आयोजन मां हिंगलाज सेवा समिति द्वारा किया गया, जिसमें कर्मयोगी जनकल्याण संस्था ने स्थानीय स्तर पर सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संरक्षक की भूमिका अनिल मालवीय ने निभाई। इस महत्वपूर्ण आयोजन के सफल संचालन में सभी सहभागी संगठनों और व्यक्तियों ने अपना योगदान दिया। कार्यशाला ने ग्रामीण युवाओं में स्वच्छ ऊर्जा, शिक्षा की गुणवत्ता, तथा ग्राम उद्योग से जुड़ी नवाचारी सोच को प्रेरित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है, जिससे ग्रामीण विकास की दिशा में सकारात्मक कदम बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# स्मृति में स्कूल परिसर में किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

नालन्दा पब्लिक हासे स्कूल में समाजसेवी स्वर्गीय कालूराम मालवीय की स्मृति में छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधियों रिश्तेदारों स्कूल के प्राचार्य व संचालक द्वारा विभिन्न प्रकार छायादार और फलदार के लगभग 70 पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर प्रभुलाल मालवीय उच्च माध्यमिक शिक्षक ने कहा की हर व्यक्ति की मृत्यु के पश्चात उनके बुजुर्गों व परिजनों की याद में कम से कम 5 पौधे लगाना चाहिए जिससे पर्यावरण संरक्षण में वृद्धि होगी एवं जीवित मनुष्यों को शुद्ध पर्यावरण का लाभ मिलेगा अपने स्मृति शेष पिता की याद में अगर हम कोई पेड़ लगाते हैं तो वह हमें आजीवन उनकी याद दिलाता रहेगा। स्कूली संचालक रोहित सिंह व प्राचार्य राहुल सिंह के अनुसार उनके दादा जी को इससे बड़ी कोई श्रद्धांजलि नहीं हो सकती की उनके नाम पर लगाया गया वृक्ष हरा-भरा रहे । हर मानव पर प्रकृति का ऋण होता है जो न केवल जीते जी अपितु मरने के बाद भी रहता है। रोहित सिंह और राहुल सिंह ने बताया की आज हमने पेड़ पौधे लगाए तो आने वाली पीढ़ियों को भी उसका लाभ होगा।